संगठन शक्ति साहस
# NEYU FOR CHANGE EDUCATION AND WALFARE FOUNDATION

राष्ट्रीय मुख्य समिति सदस्य

श्री राधे जाट
8889913464

श्री रंजीत किसानवंशी
9165919796

श्री हेमराज गुर्जर
9754653653

श्री सचिन यादव
7532901428

धर्मवीर विश्नोई
प्रदेश अध्यक्ष
शैक्षणिक प्रकोष्ठ (म.प्र.)
9753923563

दिनांक 17/01/2026

प्रति,

1. माननीय पुलिस आयुक्त महोदय, इंदौर महानगर, मध्यप्रदेश
2. माननीय सहायक पुलिस आयुक्त, ज़ोन 3 इंदौर, मध्यप्रदेश
3. माननीय थाना प्रभारी, संयोगितागंज पुलिस थाना इंदौर, मध्यप्रदेश
4. माननीय थाना प्रभारी, भवरकुआँ पुलिस थाना इंदौर, मध्यप्रदेश

विषय :- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर के समक्ष दिनांक 22/01/2026 से 28/01/2026 तक शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित करने की अनुमति हेतु आवेदन।

महोदय,
सविनय निवेदन है कि हम प्रदेश के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी युवा उम्मीदवार, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) की परीक्षाओं से संबंधित कुछ गंभीर, न्यायोचित एवं छात्र-हित से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु शासन एवं आयोग का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से MPPSC कार्यालय, इंदौर के समक्ष दिनांक 22 जनवरी 2026 सुबह 10:00 बजे से 28 जनवरी 2026 तक शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित करना चाहते हैं।
यह प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन पूर्णतः अहिंसक, शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं विधि के शासन (Rule of Law) के अनुरूप होगा तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (a) (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) एवं अनुच्छेद 19(1) (b) (शांतिपूर्ण रूप से एकत्र होने का अधिकार) के अंतर्गत प्रदत्त मौलिक अधिकारों के प्रयोग के रूप में किया जाएगा, जो कि अनुच्छेद 19(2) एवं 19(3) के अंतर्गत लगाए जाने वाले युक्तियुक्त प्रतिबंधों के अधीन रहेगा।
हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि प्रदर्शन के दौरान -
किसी प्रकार की हिंसा, नारे-बाजी में अशोभनीय भाषा, सार्वजनिक संपत्ति को क्षति अथवा कानून व्यवस्था भंग करने का कोई कृत्य नहीं किया जाएगा।यातायात व्यवस्था, आम नागरिकों की दिनचर्या एवं शासकीय कार्यों में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न नहीं किया जाएगा।
पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों, शर्तों एवं वैधानिक आदेशों का पूर्णतः पालन किया जाएगा।प्रदर्शन स्थल पर उचित मंच, साउन्ड स्पीकर तथा प्रतिभागियों की मूलभूत आवश्यकताओं हेतु पानी एवं भोजन की व्यवस्था की जायेगी व स्वच्छता बनाए रखने की भी उचित व्यवस्था की जायेगी।
प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के माध्यम से निम्नलिखित मांगें शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से प्रस्तुत की जाएँगी

@NEYU4INDIA
पता: 202 वरुण विक्ट्री पालदा, इंदौर मध्यप्रदेश
Helpline No.: 9406790218 E-mail: neyu4india@Gmail.com

Scanned with OKEN Scanner

संगठन

साहस

शक्ति

# NEYU FOR CHANGE EDUCATION AND WALFARE FOUNDATION


राष्ट्रीय मुख्य समिति सदस्य

श्री राधे जाट
8889913464

श्री रंजीत किसानवंशी
9165919796

श्री हेमराज गुर्जर
9754653653

श्री सचिन यादव
7532901428

धर्मवीर विश्नोई
प्रदेश अध्यक्ष
शैक्षणिक प्रकोष्ठ (म.प्र.)
9753923563


1. मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा 2026 पदों की संख्या बढ़ाकर कम से कम 700 किए जाने की मांग।
2. मध्यप्रवेश राज्य वन सेवा परीक्षा 2026 कम से कम 100 पद सुनिश्चित किए जाने की मांग। (विशेष रूप से UR-OBC-EWS वर्ग के लिए पिछले 3 वर्षों से शून्य पद आ रहे हैं)
3. मध्यप्रदेश राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2025: कम से कम 300 पदों पर भर्ती सुनिश्चित की जाए।
4. ADPO भर्ती 2026:- 300 पदों के साथ अधिसूचना शीघ्र जारी की जाए तथा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाए।
5. सहायक प्राध्यापक परीक्षा:- NET/SET Qualified अंतिम वर्ष के छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाए। (राजस्थान राज्य में यह व्यवस्था पूर्व से लागू है, अतः समानता के सिद्धांत के अनुरूप इसे मध्यप्रदेश में भी लागू किया जाए।)
6. परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता: राज्य सेवा परीक्षाओं में कम से कम 87% परिणाम की उत्तर पुस्तिकाएँ अभ्यर्थियों को दिखाने की विधिसम्मत व्यवस्था लागू की जाए।
7. अतिथि संविदा व्यवस्था अतिथि संविदा प्रणाली को समाप्त किया जाए तथा वर्तमान सहायक प्राध्यापक परीक्षा में अतिथि विद्वान आरक्षण व्यवस्था समाप्त कर, पूर्व की भाँति 20 बोनस अंक पुनः लागू किए जाएँ।
8. साक्षात्कार (Interview) प्रणाली में सुधार राज्य सेवा परीक्षा में साक्षात्कार के अंक 100 निर्धारित किए जाए। साक्षात्कार प्रश्न सिलेबस आधारित एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप हों। साक्षात्कार बोर्ड में महिला प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए तथा गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने वाले योग्य एवं निष्पक्ष व्यक्तियों की नियुक्ति की जाए।
9. परीक्षा प्रक्रिया में समयबद्धता: MPPSC की समस्त परीक्षाओं की प्रक्रिया UPSC की तर्ज पर एक वर्ष के भीतर पूर्ण की जाए। एक बार परीक्षा तिथि घोषित होने के पश्चात उसमें परिवर्तन न किया जाए तथा परीक्षाओं में गलत प्रश्नों की संख्या 1-2 से अधिक न हो।

अतः महोदय से विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों, संवैधानिक प्रावधानों एवं कानून-व्यवस्था की दृष्टि से समुचित शर्तों के अधीन हमें दिनांक 22/01/2026 सुबह 10:00 बजे से 28/01/2026 तक MPPSC, इंदौर के समक्ष शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन आयोजित करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें। हम यह आश्वासन देते हैं कि हम पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे तथा किसी भी प्रकार की अवैधानिक या अनुशासनहीन गतिविधि में संलिप्त नहीं होंगे।

भवदीय,

सधन्यवाद

नाम : Radheshyam Jat

पता : INDORE

मोबाइल नंबर : 8889913464

दिनांक : 17/01/2026

स्थान : इंदौर



Scanned with OKEN Scanner